हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 1 जनवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 20.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4
केवीके जशपुर में कृषि सखियों का प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### संविदा भर्ती: अंतिम मेरिट सूची जारी

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति जशपुर द्वारा संविदा भर्ती सत्र 2025-26 के अंतर्गत दावा-आपत्ति निराकरण के उपरांत अंतिम एकीकृत मेरिट सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। यह सूची जिले की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। अभ्यर्थी इसका अवलोकन कर सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संविदा भर्ती के लिए विभिन्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके पश्चात प्रारंभिक दावा-आपत्ति सूची 25 जुलाई 2025 को प्रकाशित की गई थी, जिस पर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के उपरांत 04 सितम्बर 2025 को प्रवर्गवार एवं विषयवार 30 गुनांक अभ्यर्थियों की एकीकृत मेरिट सूची जिले की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी। 30 गुनांक अभ्यर्थियों की अंतिम दावा-आपत्ति के निराकरण के पश्चात विज्ञापन की चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अब प्रत्येक पद के विरुद्ध 25 गुनांक अभ्यर्थियों की एकीकृत मेरिट सूची प्रकाशित की गई है। भृत्य एवं चौकीदार पदों के लिए 25 गुणांक की पृथक मेरिट सूची जारी की जाएगी।

### रेत लोड टीपर एवं इको कार में भिड़ंत, दो गंभीर

**अम्बिकापुर।** रविवार को एनएच 130 पर लखनपुर स्थित कुंवरपुर बांध के पास नहर मार्ग पर अवैध रेत लोड टीपर एवं इको कार के बीच भिडंत हो गई। दुर्घटना में कार सवार दो लोगों को गंभीर चोटें आई है। दुर्घटना के बाद टीपर चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। रविवार को सुबह 7 बजे घने कोहरे के बीच नहर मार्ग से रेत लोड टीपर तेज रफ्तार से मुख्य मार्ग की ओर आ रहा था वहीं इको कार क्रमांक सीजी 17 एएक्स 3603 बस्ती की ओर जा रही थी। इस दौरान दोनों वाहनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं अनियंत्रित होकर टीपर खेत में उतर गया। दुर्घटना में इको कार सवार ग्राम बेलदगी निवासी पारस (22वर्ष) एवं उसके ससुर ग्राम बंधा निवासी भीखनाथ को हाथ, पैर सिर में गंभीर चोटें आई है। सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने परिजन के साथ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक टीपर छोड़कर फरार हो गया।

### बाइक की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** जीजा के साथ सड़क किनारे निर्माण कार्य देख रहे युवक को पीछे से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के नमना थाना अंतर्गत ग्राम सिलीदाग निवासी शिवम कुमार देव आ. संजय कुमार सिंह (20 वर्ष) गत दिन अपने ठेकेदार जीजा प्रेमजीत सिंह के साथ लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलका, पलका में चल रहे पाइप लाइन विस्तार के काम को देखने गया था। सड़क के किनारे 4-5 लोग खड़े थे। इसी दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 4115 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी जिससे शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मुख्यमंत्री ने दिए किट प्रमाण पत्र, कहा- गोल्डन आवर में मदद से बचेगी जान

# सड़क सुरक्षा में जशपुर बना मॉडल सीएम ने किया 222 मितानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और गोल्डन आवर में घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में जशपुर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की अनूठी पहल सामने आई है। इसी क्रम में विष्णुदेव साय ने 30 दिसंबर को जिले भर के 222 सड़क सुरक्षा मितानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण किट और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सड़क सुरक्षा मितान दुर्घटना के समय फर्स्ट रिस्पॉन्डर की भूमिका निभाते हैं। समय पर सहायता मिलने से जनहानि में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने प्रशासन– पुलिस के समन्वित प्रयासों की सराहना की।



**चरणबद्ध प्रशिक्षण से तैयार हुए स्वयंसेवक:** कलेक्टर जशपुर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर के निर्देशन में चयनित मितानों को पूर्व में चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर सुरक्षित, प्रभावी और त्वरित सहायता सुनिश्चित करना रहा।प्रशिक्षण में यातायात नियंत्रण, घायलों को सुरक्षित बाहर निकालना, प्राथमिक उपचार, रक्तस्राव रोकना, फ्रैक्चर की स्थिति में सहायता, सीपीआर, एम्बुलेंस व पुलिस से समन्वय तथा आपातकालीन हेल्पलाइन की जानकारी शामिल रही।

**रेडक्रॉस–पुलिस का संयुक्त अभियान:** रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला जशपुर और जिला पुलिस जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में इन 222 मितानों को दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पुलिस लाइन जशपुर, थाना कुनकुरी परिसर और अग्रसेन भवन पत्थलगांव में आयोजित हुआ, जहां जीवनरक्षा से जुड़े व्यावहारिक अभ्यास कराए गए।

### ऐसे जनहित के कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जिला पुलिस सड़क सुरक्षा मितानों के साथ समन्वय बनाकर दुर्घटनाओं के दौरान प्रथम प्रतिक्रिया दल के रूप में कार्य करेगी। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जनहानि कम करने की दिशा में ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

समारोह में सांसद राधेश्याम राठिया (रायगढ़), सांसद चिंतामणि महाराज (सरगुजा), विधायक श्रीमती गोमती साय (पत्थलगांव), विधायक श्रीमती रायमुनी भगत (जशपुर), पूर्व पर्यटन मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले की 10 सड़कों के लिए मिली 32 करोड़ की मंजूरी



**जशपुरनगर।** नववर्ष की शुरुआत से ठीक एक दिन पहले जिलेवासियों के लिए खुशखबरी लेकर आई है।प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की आवागमन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 10 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन हेतु कुल 31 करोड़ 91 लाख रुपए की बड़ी राशि स्वीकृत की है।

वर्षों से लंबित ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है और उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार जताया है। स्वीकृत सड़कों में जिले के मुड़ापारा के एनएच-43 रोड से चर्चपारा होते हुए सुकबासुपारा तक 2 करोड़ 47 लाख 97 हजार रुपए, ग्राम पंचायत कछार से सरपंच बस्ती चौक पक्की सड़क से तिरसोठ तक 3 करोड़ 41 लाख रुपए, कांसाबेल के डांडपानी से खूटेरा पहुंच मार्ग के लिए 4 करोड़ 52 लाख रुपए, पाले पखना से जुनवाईंन पहुंच मार्ग के लिए 4 करोड़ 68 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है।इसी तरह कांसाबेल के सेमरकछार भट्टीटोली से लपई पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 69 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कर्रबेवरा से पखनापारा माड़ो गुफा तक पहुंच मार्ग के लिए 1 करोड़ 88 लाख रुपए, ग्राम पंचायत घरजियाबथान के ठाकुर मुड़ा से रघुनाथपुर जोड़ा तालाब मार्ग के लिए 2 करोड़ 61 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पाकरगांव से तुरवाआमा होते हुए चौराआमा पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 61 लाख रुपए, ग्राम पंचायत भगरपुर से भगोरा पहुंच मार्ग के लिए 4 करोड़ 60 लाख रुपए तथा अटल चौक से पंडरीपानी होते हुए तिलंगा पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 43 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा विकास को नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नए साल से पहले जिले को विकास की बड़ी सौगात देकर उनकी वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है।

## जशक्राफ्ट से संवर रहा कालीन शिल्प



■ डिजाइनिंग पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में पारंपरिक हस्तशिल्प को नई पहचान और बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "जशक्राफ्ट" ब्रांड के अंतर्गत कालीन उत्पादन में उत्कृष्टता लाने हेतु विकास आयुक्त हस्तशिल्प, भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली की सीएचसीडीएस परियोजना के तहत "डिजाइन एंड डेवलपमेंट वर्कशॉप ऑन कारपेट क्राफ्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला जशपुर विकासखंड के बालाछापर ग्राम पंचायत स्थित रीपा परिसर में आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन जशपुर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 दिसंबर 2025 से 18 मार्च 2026 तक कुल तीन माह की अवधि का होगा। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'जशक्राफ्ट ब्रांड'के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसका उद्देश्य कालीन, छिंद-कांसा, बांस एवं काष्ठ शिल्प से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं कारीगरों को तकनीकी दक्षता प्रदान करने के साथ-साथ स्थायी बाजार से जोड़ना है। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेंद्र राजवाड़े ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग ले रही 30 महिलाओं को प्रति दिवस 300 रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही, तैयार उत्पादों के विपणन की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा स्वयं वहन की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा जशपुर ⏭ शेष पेज 4 पर

### मछली मारने गए ग्रामीण की तालाब में डूबने से हुई मौत

**सीतापुर।** निजी तालाब में मछली मारने गए 45 वर्षीय ग्रामीण की डूबने से मौत हो गई। मृतक को तैरना नहीं आता था और जिस दौरान यह घटना घटी उस दौरान तालाब के आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। इस घटना के बाद मृतक के घर में मातम छा गया है। उक्त घटना सोमवार को दोपहर 2 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि 45 वर्षीय सुरेंद्र तिर्की आ नवल साय तिर्की निवासी भारतपुर लकरालता स्थिति अपने निजी तालाब में मछली मारने गया था। मछली मारने के दौरान उसका पैर फिसला और वो किनारे से फिसलकर गहरे पानी मे चला गया जिसकी वजह से ग्रामीण की तलब में डूबने से मौत हो गई। मृतक को तैरना नही आता था और जिस दौरान ये घटना घटी उस दौरान आसपास कोई भी नही था जो ग्रामीण को बचा सके। दिन ढलने के बाद ग्रामीण जब रात को घर नहीं पहुंचा तो घरवालों को इसकी चिंता सताने लगी लेकिन पहाड़ी इलाका होने की वजह से घरवाले रात को नही ढूंढने नहीं निकले। दूसरे दिन सुबह जब ढूंढते हुए घरवाले तालाब के पास पहुंचे तो उन्हें घटना स्थल पर ग्रामीण का चप्पल व झोला नजर आया जिसके बाद गांव के युवा तालाब में उतर कर उसकी तलाश करने लगे।

## शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही जनसंपर्क की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था और आम जनता के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी सूचना का आदान-प्रदान होती है। जशपुर जिले में इस जिम्मेदारी को जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार और उनकी टीम बखूबी निभा रही है।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और जिले की सकारात्मक छवि को निखारने में इस टीम का समर्पण अब धरातल पर दिखने लगा है।सू चना का सशक्त माध्यम बनी टीमनूतन सिदार के नेतृत्व में जनसंपर्क विभाग की टीम ने डिजिटल और प्रिंट मीडिया के साथ समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र को अत्यंत सक्रिय बना दिया है। जिले के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों तक सरकार की योजनाओं, जैसे महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि योजना और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी समय पर पहुंचाई जा रही है। सराहना के प्रमुख बिंदु:त्वरित सूचना प्रवाह: जिले में होने वाली हर छोटी-बड़ी प्रशासनिक गतिविधियों और विकास कार्यों की जानकारी त्वरित गति से मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुँचाना। जनसंपर्क टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स का सकारात्मक उपयोग कर भ्रामक खबरों का खंडन और सही जानकारी का प्रसार किया जा रहा है। जशपुर के प्रबुद्ध नागरिकों और मीडिया जगत ने जनसंपर्क विभाग के इस सक्रिय स्वरूप की सराहना करते हुए इसे जिले के विकास के लिए एक शुभ संकेत बताया है।

## बिना लाइन-बिना परेशानी हो रही धान खरीदी

## धान उपार्जन केंद्र गंझहियाडीह बना किसानों के लिए राहत केंद्र



**जशपुरनगर।** धान उपार्जन केंद्र गँझहियाडीह में इस वर्ष धान खरीदी की व्यवस्था किसानों के लिए बेहद सहज, सुव्यवस्थित और राहतभरी साबित हो रही है। यहां किसानों को न तो लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और न ही किसी तरह की अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। सुचारु व्यवस्था के चलते किसान आसानी से और समय पर अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं।

उपार्जन केंद्र गँझहियाडीह में ज्ञानेश्वर साय (महुआडीह) 845 बोरी धान लेकर पहुंचे, जहां बिना किसी परेशानी के धान की खरीदी की गई। इसी प्रकार अजित पुरी (अवरीजोर) 400 बोरी धान लेकर आए, जिनका धान भी सहजता से खरीदा गया। नंदकिशोर (डुमरिया) 231 बोरी धान लेकर केंद्र पहुंचे, जबकि परमानंद साय (डुमरिया) सहित आज कुल 34 किसानों के टोकन काटे गए। आंकड़ों के अनुसार, गँझहियाडीह धान उपार्जन केंद्र में अब तक कुल 1657 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से 643 किसान धान बेचकर लाभान्वित हो चुके हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि धान खरीदी की ⏭ शेष पेज 4 पर

### तेज रफ्तार वाहन ने ले ली बाइक सवार युवक की जान

**जशपुरनगर।** जिले में तेज रफ़्तार वाहन ने बाइक सवार युवक की जान ले ली। जानकारी के अनुसार आशिक रजा झारखंड निवासी, बगीचा थाना क्षेत्र था में जेसीबी ड्राइवर का काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। मिली जानकारी अनुसार बगीचा थाना क्षेत्र के पतरापारा गांव में बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने सुबह करीब 8 बजे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान आशिक रजा नामक युवक के रूप में हुई है, जो झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला था और बगीचा थाना क्षेत्र के कुरडेग गांव में जेसीबी मशीन चलाता था। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बगीचा पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया घटना बाइक मोड़ में अनियंत्रित होने से बाइक सवार सड़क के नीचे गढ्ढे में गिर गया जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई है, अभी जांच चल रही है जांच के बाद ही दुर्घटना के सही कारण का पता चल पाएगा।

## जोगपाल पब्लिक स्कूल में मना वार्षिक खेलकूद दिवस



**कांसाबेल।** जोगपाल पब्लिक स्कूल, कांसाबेल में वार्षिक खेलकूद दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में खेल भावना, अनुशासन और उमंग का उत्साहजनक माहौल देखने को मिला। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अनेक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा एवं टीम भावना का परिचय दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआई सुनील सिंह (कांसाबेल) रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि एएसआई राजेश यादव ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल-कूद विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन कुलवंत सिंह भाटिया ने की, जबकि डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया एवं प्राचार्य शंकर कुमार भी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। दिनभर चले कार्यक्रम में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, रिले रेस, लंबी कूद तथा मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने पूरे जोश के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अभिभावकों व शिक्षकों ने जोरदार तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक चैम्पियनशिप से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक चैम्पियनशिप से सम्मानित किया गया। सीनियर गर्ल्स चैम्पियन प्रिंसी अग्रवाल सीनियर बॉयज़ चैम्पियन अर्नॉल्ड कुजूर जूनियर बॉयज़ चैम्पियन अंशु शौर्य भगत जूनियर गर्ल्स चैम्पियन अंशु अर्जु तिर्की पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## एमसीसी जशपुर ने जीता विजेता का खिताब

# झुमूर की बेहतरीन पारी से झूमा लैलूंगा मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रायगढ़ जिले के लैलूंगा के आयोजित रानी दुर्गावती बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 ( 06 वां संस्करण) जो झरन मैदान लैलूंगा में 21 दिसम्बर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों की बालिका क्रिकेट टीमों ने भाग लिया था। युवा खिलाड़ी और राष्ट्रीय समाजसेवी सूर्यकान्त चंद्रा ने बताया कि, इस प्रतियोगिता में महारानी क्रिकेट क्लब इचकेला, जशपुर की टीम ने आकांक्षा रानी की कप्तानी में लगातार 7 मैच जीतकर, अजेय रहते हुए फाइनल मैच तक पहुंची और इस प्रतियोगिता की विजेता रही।



सेमीफाइनल में रायपुर की टीम को हराकर फाइनल में भिलाई जैसी मजबूत टीम को एकतरफा मुकाबले में 65 रनों से हरा दिया। महारानी क्रिकेट क्लब इचकेला के कोच संतोष कुमार ने बताया कि, हमारी महारानी क्रिकेट क्लब इचकेला की टीम में जितने की गजब की इच्छाशक्ति है। हमारी टीम जहां भी जाती है अपने उत्कृष्ट खेल का परिचय देती है। सेमीफाइनल मैच में आकांक्षा रानी ने 15 गेंदों तूफानी 36 रनों की पारी खेली थी। झुमूर तिर्की ने अपने परिपक्वता का परिचय देते हुए अंत तक क्रीज पर खड़ी रही और शानदार 36 रनों की पारी खेलते हुए मैच को जिताया और अपनी टीम को फाइनल पहुंचाया। और फाइनल मैच में भी महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर की टीम 12 ओवरों में 135 का स्कोर बनाया जिसका पीछा करते हुए भिलाई की पूरी टीम आधा स्कोर तक ही पहुंच पाई और महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर की टीम ने 65 रनों के बड़े अंतर से एकतरफा जीत हासिल किया। साथ इस प्रतियोगिता का विजेता बनकर 1लाख रुपए की इनामी राशि भी जीत लिया। महारानी क्रिकेट क्लब इचकेला टीम के सदस्यों ने इस जीत का श्रेय सभी जशपुर वासियों को ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी के साथ स्वागत

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कोयलांचल समेत आसपास इलाके में आज मंगलवार को जगह जगह कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। गौरतलब है कि मंगलवार को एआईसीसी के महासचिव व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कालीघाट में यूकां भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार,सिलफिली में कंवलबिहारी सिंह टेकाम व रूपदेव कुशवाहा,पार्वतीपुर में पूर्व सरपंच संतलाल,जयनगर में वेद प्रकाश मिश्र व मो.शमीम पलिहा,बिश्रामपुर में पार्षद संजीत यादव, पचीरा टोल प्लाजा के पास अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में भव्य आतिशबाजी व शैला सुगा से कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया, इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पूर्व मंत्री अमरजीत भगत व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों ने सुनी मन की बात



**अम्बिकापुर।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन के सभी चैनलों तथा प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। जिले के 600 से अधिक बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों ने सामूहिक रूप से मन की बात का श्रवण किया। जिले के विभिन्न मंडलों में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसी क्रम में राजपुर मंडल में भारत सिंह सिसोदिया एवं रामकुमार टोप्पो, महामाया मंडल में ललन प्रताप सिंह एवं महापौर मंजूषा भगत , समलाया में हरपाल सिंह भामरा एवं निलेश सिंह, अम्बिकापुर ग्रामीण में निश्चल प्रताप सिंह एवं मधु चौदहा, लखनपुर में विद्यानंद मिश्रा एवं अनिल तिवारी, कुन्नी में राजेन्द्र जायसवाल एवं अनिल प्रताप सिंह, बतौली में विनोद हर्ष, महेंद्र सिंह एवं डीके पुरिया, मैनपाट में अनिल सिंह मेजर एवं विजय व्यापारी अतिथि के रूप में शामिल रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में वर्ष 2025 को भारत के लिए गौरवशाली बताया। ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। प्रधानमंत्री ने युवा शक्ति को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन जैसे मंचों के माध्यम से नवाचार, स्टार्टअप तकनीक और कृषि में युवाओं की भागीदारी को प्रेरणादायक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2026 के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए फिट इंडिया मूवमेंट से जुड़ने नियमित व्यायाम करने और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### भारतीय किसान संघ सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा के नेतृत्व में संघ ने कलेक्टर से मुलाकात की और अपनी सात सूत्रीय मांगों से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मांग की है कि रकबा त्रुटि सुधार के लिए मंडी में ही जिम्मेदार अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाए। 40.700 किलो के स्थान पर 41.200 किलो धान लेना तुरंत बंद हो। प्रतिदिन खरीदी की सीमा 4000 से बढ़ाकर 5000 क्विंटल की जाए। धान पलटी के नाम पर 10-15 रुपये प्रति बोरी की वसूली बंद हो। बारिश से प्रभावित (हल्के बदरंग) धान को भी खरीदा जाए। किसानों को समय पर टोकन मिले और उनकी फसल खरीदी सुनिश्चित हो। मंडियों में किसानों के लिए बुनियादी सुविधाओं और फसल सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। संघ ने 7 जनवरी तक इन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन व चक्का जाम की चेतावनी दी है। इस दौरान जिला मंत्री बिपिन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संतलाल सिंह, गौतम सिंह, राममनोहर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### क्षेत्र में दो अलग अलग कार्रवाई में 134 बोरी धान जब्त



**राजपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी देवेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत 24 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम कोदौरा में अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर मौके में पहुंच कर 24 बोरी अवैध धान सहित 1 ट्रैक्टर जप्त कर मण्डी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जब्त धान को चौकी डौरा को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार ग्राम कोटीडीह में कृषक प्रदीप गुप्ता के घर में 110 बोरी अवैध धान भण्डारित करके रखा गया था जिसे जब्त किया गया। इस दौरान तहसीलदार नरेन्द्र कुमार कवर, श्रीमती कावेरी मुखर्जी सहित संयुक्त टीम मौजूद रही। गौरतलब है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## घने जंगल के बीच झरना देखने आसपास क्षेत्र से पहुंचने लगे है लोग

# बलरामपुर सीमा पर स्थित दनगरी का प्राकृतिक जलप्रपात बना पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़ से लगभग 18 किलोमीटर की दूर जशपुर और बलरामपुर जिले की सीमा स्थित ग्राम पंचायत दनगरी में एक अत्यंत मनोहारी और प्राकृतिक जलप्रपात स्थित है। यह जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और हरियाली के कारण क्षेत्रवासियों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

**खास बात**

- क्षेत्र के लोगों ने की स्थल का समुचित विकास की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह झरना घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित है, जहां का दृश्य मन को शांति प्रदान करता है। बारिश के मौसम में इसकी सुंदरता और भी बढ़ जाती है। ऊँचाई से गिरता पानी दूधिया धाराओं के रूप में बहता हुआ दिखाई देता है। आसपास फैली हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट और प्राकृतिक वातावरण इसे पिकनिक और पर्यटन के लिए एक आदर्श स्थल बनाते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक छुट्टियों और नए साल के आगमन के दौरान यहां बड़ी संख्या में लोग परिवार और मित्रों के साथ पिकनिक मनाने आते हैं। अपार संभावनाओं के बावजूद जलप्रपात को अब तक प्रशासनिक स्तर पर वह पहचान और सुविधाएं नहीं मिल सकी जितना मिलना चाहिए था। झरने तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क,



दनगरी जलप्रपात।

संकेतक बोर्ड, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा और प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसके कारण कई बार पर्यटकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है बावजूद इसके लोग परिवार के साथ प्राकृतिक सौंदर्य देखने आते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन इस स्थल का समुचित विकास करें और इसे एक पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित करे तो न केवल इसकी सुंदरता में वृद्धि होगी बल्कि क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। छोटे व्यवसाय, चाय-नाश्ते की दुकानें, स्थानीय हस्तशिल्प और गाइड सेवाएं शुरू होने से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है।

### पर्यटन स्थल के रूप में हो सकता है विकसित

विशेषज्ञों का मानना है कि जलप्रपात का विकास पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए, ताकि इसकी प्राकृतिक पहचान बनी रहे। यदि सुनियोजित तरीके से सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था और प्रचार-प्रसार किया जाए तो यह स्थल भविष्य में जशपुर–बलरामपुर क्षेत्र का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है। क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दनगरी ग्राम पंचायत में स्थित जलप्रपात के संरक्षण और विकास की दिशा में कदम उठाए तो यह प्राकृतिक धरोहर न केवल क्षेत्र की पहचान बनेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेगी।

### सड़क निर्माण की मांग

गांव की सड़क समस्या को लेकर सरपंच मोहन राम ने बताया कि यदि सड़क बन जाती है तो बरसात के मौसम में परेशानी नहीं होगी। बालेश्वर यादव ने बताया कि बारिश के दौरान जलभराव और कीचड़ से आवागमन बाधित होता है, जिससे ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## भटगांव विस क्षेत्र अंतर्गत 150.56 करोड़ की लागत से बनेंगी 33 सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भटगांव विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्षेत्र में 150.56 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।



- कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से मिली प्रशासनिक स्वीकृति

इस स्वीकृति के तहत भैयाथान एवं ओड़गी विकासखंड के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में आवागमन सुविधा को सशक्त किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध हो सकेंगे। जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार भटगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 33 सड़कों का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा। इनमें वे मार्ग भी शामिल हैं, जिनकी मांग क्षेत्रवासी लंबे समय से कर रहे थे। इन सड़कों के निर्माण से सुदूर वनांचल क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मुख्य मार्गों से जुड़ सकेगी।

स्वीकृत कार्यों में प्रमुख रूप से- ओड़गी नवाटोला रोड (8.20 किमी से धुईडीह पंडोपारा)-28.99 करोड़ रुपये, भवरखोह से जमड़ी मार्ग - 9.50 करोड़ रुपये, खोंड नवापारा से केसर मार्ग - 8.73 करोड़ रुपये, माड़र से भाड़ी नवापारा मार्ग -8.38 करोड़ रुपये, भैयाथान ब्लॉक में भौराही देवालय से शिवपुर मार्ग, सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। 150.56 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत ये सड़कें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगी। किसानों, छात्रों एवं आम नागरिकों को आवागमन में हो रही समस्याओं से राहत मिलेगी। सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराये जाएंगे।

## पलक झपकते ही युवक ले उड़ा ई-रिक्शा, लोगों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर सहित सामने चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। अस्पताल परिसर से अक्सर बाइक,स्कूटी की चोरी होती थी लेकिन अब चोर ई-रिक्शा को भी हाथ साफ करना शुरू कर दिया है। आज दिन दहाड़े युवक ने पलक झपकते ही ई-रिक्शा को ले उड़ा हालांकि घटना के लगभग एक घंटे बाद लोगों ने युवक को पकड़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार ठाकुरपुर रेलवे स्टैशन समीप निवासी वीरेन्द्र सिंह आ. मलखान सिंह (55 वर्ष) अपनी पत्नी माधवी सिंह के नाम पर पंजीकृत ई-रिक्शा को लेकर अक्सर यात्री की तलाश में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने खड़ा रहता था। हर रोज की भांति मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे रिक्शा में चाबी लगा छोड़कर पास में ही कुछ काम से गया था, इधर पल भर में एक युवक रिक्शा को लेकर भागने लगा। जिसे देख दूसरे ऑटो से पीछा किया लेकिन युवक मणिपुर स्कूल के सामने गली की ओर से भाग निकला। दिन दहाड़े ई रिक्शा चोरी होने की सूचना वीरेन्द्र सिंह ने अस्पताल के पुलिस सहायता केन्द्र एवं परिजन को दी। कुछ समय बाद संगम चौक के पास रिक्शा से साथ युवक को पकड़ लिया गया और पुलिस के सौंप दी।



## सरगुजा में बढ़े 5 गुना विद्युत उपभोक्ता सिंचाई पंपों में हुई 10 गुना वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले में विगत 25 वर्षों में तेज गति से विद्युत अधोसंरचना का विकास हुआ है। वर्ष 2000 में सरगुजा जिले में बलरामपुर तथा सूरजपुर जिला भी शामिल थे जिसका भौगोलिक क्षेत्रफल 18025.3 वर्ग किलोमीटर था।

छत्तीसगढ़ पॉवर ड्रिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा वर्ष 2012 जनवरी में दो नये जिले बनाए गए जिसके कारण सरगुजा जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल घटकर 5,732 वर्ग किलोमीटर हो गया। विद्युत आपूर्ति की निरंतरता और विश्वसनीयता के कारण जिले में अपभोक्ताओं की संख्या 29,117 से बढ़कर अब 2,08264 हो गई है। विद्युत कनेक्शन 33.913 से बढ़कर 1,71,977 एवं पम्प उपभोक्ताओं की संख्या 1166 से बढ़कर 10,818 हो गई है। पिछले 25 वर्षों में सरगुजा के विद्युत उपभोक्ताओं में 510 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

विद्युत आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने विद्युत अधोसंरचनाओं का विस्तार एवं मैदानी अमले को तैयार किया है। विगत 25 वर्षों में सरगुजा जिले में 132/33 केवी उपकेंद्रों की संख्या 1 से बढ़कर 3 हो गई है। इसी प्रकार 33/11 केवी उपकेंद्रों की संख्या 5 से बढ़कर 35, पॉवर ट्रांसफार्मरों की संख्या 8 से बढ़कर 60 हो गई। वितरण ट्रांसफार्मरों की संख्या 772 से बढ़कर 6747 हो गई है। उच्चदाब लाइनों की लंबाई 1,692 किलोमीटर से बढ़कर 5118.13 किलोमीटर तथा निम्नदाब लाइनों की लम्बाई 1308 से बढ़कर 8499 किमी हो गई है। मजराटोला की संख्या 1,224 से बढ़कर 3,547 हो गई है, इस प्रकार सरगुजा जिले में विगत 25 वर्षों में तेजी से विद्युत विकास कार्यों से लाखों उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। सरगुजा जिले में कुल उपभोक्ता 5 गुना और सिंचाई पंप 10 गुना बढ़े हैं जिसके लिए 3 जोन और 16 वितरण केंद्रों का निर्माण कर कुल 3,91,059 उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है एवं ग्रामों का विद्युतीकरण शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

### मासूम ने बिस्किट समझ कर खा लिया चूहा मार दवा, मौत

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घूचापुर निवासी अजय सिंह का 3 वर्षीय पुत्र गितांशु सिंह 24 दिसम्बर की शाम को घर में खेल रहा था। इस दौरान घर में चूहा मारने के लिए रखे दवा को बालक ने बिस्किट समझ कर चबाने लगा जिसे देख परिजन ने बच्चे के मुंह से चूहा मार दवा को निकाला। इस बीच बच्चे की स्थिति सामान्य थी लेकिन कुछ घंटे बाद देर रात 11 बजे जब मासूम उल्टी करने लगा परिजन उसे उदयपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद चिकित्सक ने बच्चे को भर्ती कर लिया और बेहतर उपचार के लिए अगले दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान 29 दिसम्बर की शाम मासूम की मौत हो गई।

## एक पखवाड़े के बाद भी महिला के हत्यारे का नहीं चला पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

चंदौरा थाना क्षेत्र के पहिया–घाट पेंडारी जंगल में महिला की हत्या करने के मामले में एक पखवाड़े के बाद भी हत्यारे का पता नहीं चला सका। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

कुछ दिन पूर्व जंगल के भीतर खून से लथपथ, क्षत-विक्षत हालत में महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। प्रारंभ में मृतिका की पहचान नहीं होने से मामला और भी गंभीर हो गया। इस मामले में चंदौरा थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि मृत महिला की पहचान दूरती गांव निवासी रानिया (50 वर्ष) के रूप में हुई है। रानिया दूरती गांव से डोमहत गांव में अपने रिश्तेदारों के यहां आती-जाती थी। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। बाद में फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद महिला की पहचान हो सकी। पुलिस के मुताबिक 14 दिसंबर को महिला की लाश जंगल से बरामद किया गया था।

सिर बुरी तरह कुचला हुआ था, जिससे हत्या की नृशंसता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पोस्टमार्टम के बाद लाश को प्रतापपुर अस्पताल में रखा गया, लेकिन काफी समय तक परिजनों की पहचान न होने के कारण शव सड़ने की अवस्था में पहुंच गया जिससे पुलिस ने लाश को चीरघर के पास जंगल में दफन कर दिया। अब जबकि मृतका की पहचान हो चुकी है, पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, परिजन की मांग पर लाश को पुनः कब्र से निकाल कर दोबारा पोस्टमार्टम कर सौंपा जाएगा।

## एसपी के निर्देश पर संयुक्त टीम ने अवैध कोयला लोड ट्राला को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान से संगठित रूप से चल रही कोयला तस्करी का मामला एक बार फिर उजागर हुआ है,पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले की साइबर टीम, बिश्रामपुर पुलिस एवं एसईसीएल सुरक्षा अमले की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कोयला लोड ट्राला वाहन को पकड़कर दो युवकों को हिरासत में लिया है।

- दो युवक हुए गिरफ्तार

संयुक्त टीम ने मंगलवार की सुबह तड़के कार्रवाई करते हुए कोयले की अफरा-तफरी में संलिप्त ट्राला वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 4616 को जब्त किया है। जिसमें लगभग 35 टन कोयला लोड होना बताया गया है,बिश्रामपुर पुलिस द्वारा मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है,प्राप्त जानकारी अनुसार एसईसीएल के गायत्री खदान से बड़ी संख्या में ग्रामीण युवकों द्वारा बाइक के माध्यम से दिन-रात कोयला चोरी की जा रही है,बीते करीब दो माह से ईंट भट्ठों की आड़ में खदान से चुराए गए कोयले की खुलेआम खरीद-फरोख्त की जा रही है,तस्कर खदान के आसपास ईंट भट्ठे संचालित कर कोयले की खरीदी करते हैं, जिसे रात्रि में बड़े वाहनों में लोड कर करंजी चौकी क्षेत्र सहित अन्य स्थानों के ईंट भट्ठों में खपाया जाता है,वहीं से कोयला बाहर सीमावर्ती जिलों में भी भेजा जाता है। बताया गया कि ग्राम मानी एवं महंगई क्षेत्र से चोरी के कोयले का परिवहन किए जाने की पुख्ता मुखबिर सूचना एसएसपी प्रशांत ठाकुर को मिली,सूचना के बाद एसएसपी ने तत्काल साइबर सेल एवं बिश्रामपुर पुलिस को अलर्ट किया,इसी दौरान गश्त पर निकले सुरक्षा अमले ने ग्राम कुरवां होते हुए बिश्रामपुर की तरफ आ रहे संदिग्ध ट्राला वाहन को रोका और दस्तावेजी जांच उपरान्त उसे बिश्रामपुर थाना परिसर में खड़ा कराया,पुलिस ने वाहन चालक रामायण यादव पिता रामप्रसाद यादव (27 वर्ष),निवासी केनापारा चौकी करंजी एवं प्रताप सिंह पिता गंगा राम (22 वर्ष), निवासी लैंगा को हिरासत में लिया है,दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी, ज्बत ट्राला।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यालयों में आज भी सन्नाटा पसरा रहा। फेडरेशन अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिन का पूर्ण कामबंद और कलमबंद आंदोलन करने का ऐलान किया है। दूसरे दिन बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी आंदोलन स्थल डटे रहे। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार कर्मचारी अधिकारी को लगातार उपेक्षित कर रहा है।

- कार्यालयों में कामकाज रहे ठप

पूर्ववर्ती सरकार जिस रास्ते पर चल रही थी,उसी रास्ते पर वर्तमान सरकार भी अग्रसर है। फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ.आरएस सिंह ने बताया कि आंदोलन में कर्मचारियों की उपस्थिति उनके आक्रोश को दर्शा रहा है। दूसरे दिन कार्यालयों में तालाबंदी की स्थिति है। आंदोलन सांकेतिक रूप से तीन दिवस का ही है। सरकार हमारी मांगों पर सकारात्मक निर्णय ले। आंदोलन के अंतिम दिवस व वर्ष के अंतिम दिवस रैली निकाली जाएगी। फिर भी सरकार मांगों पर विचार नहीं करती है तो आने वाले नववर्ष में प्रदेश के समस्त अधिकारी कर्मचारी कार्यालयों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएगे। आंदोलन में फेडरेशन के प्रतिमा सिंह, इकबाल अंसारी, सचिन त्रिपाठी, निर्मल भट्टाचार्य, आदित्य शर्मा, आदेश रवि,अनुरंजन सिंह, विजय पैकरा, मनीष दीपक साहू, गोपाल विश्वकर्मा, राधेश्याम साहू ,रमेश राजवाड़े,ज्योति साधना, विन्देश माया शर्मा, ममता मण्डल, राजकुमार सिंह, कमलेश यादव, प्रदीप सिंह, महावीर ठाकुर, रामनिवास साहू, कृष्णा सोनी, सतीश प्रताप, राकेश सेंकराज, अशोक सोनवानी, आरबी.शुक्ला, विनोद रवि, नागेन्द्र यादव, धीरेंद्र उपाध्याय, वेदप्रकाश मेहता, संदीप रवि, रवि पैकरा, एनी मंजू , परमेश्वरी सिंह, प्रीति तिग्गा, शशि बेक, सीता रवि सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।



### बकरी चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** घर के सामने बांधे बकरी को चारी कर बाइक सवार भागने लगा। चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम गोरगी ढेलमेलापारा निवासी मान साय आ. रामनाथ (33 वर्ष) रविवार को घर के साथ बकरी को बांधा था। इसी दौरान खड़गवां अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर निवासी मो. तसलीम आ. मो. इस्माइल बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 6134 से पहुंचा और घर के सामने बांधे बकरी को चोरी कर भागने लगा। घटना की जानकारी लगते ही बकरी मालिक सहित गांव के लोगों ने बाइक सवार का पीछा कर ग्राम पंचायत देवरी में घेराबंदी कर पकड़ा। इसी बीच बकरी का पैर घीसटने से दोनों पैर टूट गया। मान साय की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2), 325 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### मां ने लगाई फटकार तो किशोर ने लगा ली फांसी, मौत

**सोनगरा।** रिश्तेदार की कार को अकेले चलाने पर मां ने बेटे को फटकार लगाई तो किशोर ने कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शक्तिनगर निवासी रंजीत जायसवाल का 16 वर्षीय पुत्र जो कक्षा 11वीं का छात्र था। सोमवार को दिन 11 बजे अपने ही घर एक कमरे में रस्सी से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किशोर के पिता बिलासपुर गए थे, जबकि घर में मां और छोटी बहन मौजूद थीं। सोमवार की सुबह रिश्तेदार कार से घर आए थे। लौटते समय सामान रखने के लिए किशोर को कार की चाबी दी। लेकिन वह कार को थोड़ी देर के लिए चलाने ले गया। वापस आने पर उसकी मां ने उसे समझाते हुए कहा कि वह अभी नाबालिग है और अकेले कार चलाना ठीक नहीं है तथा इस विषय में पिता को बताने की बात कही। इसी बात से किशोर मानसिक रूप से आहत हो गया। मां ने उसे नहाने भेजा और फिर नाश्ते के लिए बुलाया लेकिन वह नहीं आया। इसी दौरान किशोर ने कमरे को अंदर से बंद कर रस्सी से फांसी लगा ली। इधर घटना की जानकारी लगते ही मां और बेटी ने उसे फांसी से उतारा और पड़ोसियों की मदद से अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।



# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टारर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।

लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन'साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन'अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं,



पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं। लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।

## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।




# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5*** : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5*** : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।



***हीरामंडी सीजन 2*** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2*** : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब*** : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

*मुंबई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*



## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

*नई दिल्ली। साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्चीज' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।







**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।

**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### तीन घंटे खुला रहा लीला रेस्टोरेंट दोबारा लगा ताला

**राउरकेला।** सेक्टर 4 में पिछले कई महीनों से सील पड़े लीला रेस्टोरेंट में गुरुवार को एक रोचक और चर्चा का विषय बनी स्थिति देखने को मिली। जुलाई माह में आरएसपी नगर सेवा विभाग द्वारा सील किए गए इस रेस्टोरेंट को प्रशासनिक अधिकारियों ने अचानक खोल दिया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद फिर से सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जब 3 जुलाई को करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने के कारण अदालत की अनुमति के बाद लीला रेस्टोरेंट को सील किया गया था, तब सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र सेक्टर.3 थाना पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की गई थी। पुलिस बल की सहायता से ही उस समय सीलिंग की कार्रवाई पूरी की गई थी। इसके विपरीत, इस बार आरएसपी नगर सेवा विभाग और प्रशासनिक अधिकारी बिना किसी पुलिस सहायता के मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कटर की मदद से सील काटा और रेस्टोरेंट के भीतर प्रवेश कर निरीक्षण व जांच पड़ताल की। बताया गया कि रेस्टोरेंट को किसी अन्य व्यक्ति को किराए पर देने की संभावनाओं के मद्देनज़र उसका मूल्यांकन किया जा रहा था।

### बड़गांव पुलिस ने 19 साल पुराने वारंटी पकड़ा

**सुंदरगढ़।** पुलिस को करीब 19 वर्षों से लंबित एक वारंट का निष्पादन करते हुए संबंधित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह वारंट लंबे समय से लंबित था और आरोपी लगातार पुलिस की पकड़ से बाहर था। बड़गांव पुलिस ने सटीक सूचना, सतत निगरानी और सुनियोजित रणनीति के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं तथा उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई न्यायालय के निर्देशानुसार की जाएगी। बड़गांव पुलिस की इस कार्रवाई को कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### प्लेसमेंट कैम्प में 52 अभ्यर्थियों का चयन

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक.युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में 3 नियोजक संस्थानों द्वारा कुल 288 रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जशक्राफ्ट से संवर...

जिले में कालीन उद्योग के अतिरिक्त 'काष्ठ हस्तशिल्प' का दो माह का प्रशिक्षण मनोरा विकासखंड के अलोरी ग्राम पंचायत में तथा 'गोदना शिल्प'पर एक माह का प्रशिक्षण दुलदुला विकासखंड में आयोजित किया जा रहा है। बालाछापर में संचालित कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिल्ली से डिजाइनिंग प्रशिक्षक कौशिकी सौम्या तथा स्थानीय प्रशिक्षक चिंतामणि भगत (अंबिकापुर) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### धान उपार्जन केंद्र ...

प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित हो रही है। किसानों का कहना है कि गंझहियाडीह केंद्र में तौल व्यवस्था, टोकन प्रणाली और कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय है। किसानों को लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे समय की बचत हो रही है और संतोषजनक माहौल बना हुआ है।धान उपार्जन केंद्र गंझहियाडीह के फड़ प्रभारी शिवकुमार साय द्वारा की गई बेहतर व्यवस्था और प्रबंधन की क्षेत्र में सराहना हो रही है। किसानों में खुशी का माहौल है और वे केंद्र की कार्यप्रणाली से पूरी तरह संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

### झुमूर की बेहतरीन...

दिया है। साथ ही हास्टल अधीक्षिका श्रीमती पंडरी बाई, शंकर सोनी, सहित तमाम लोगों ने रानी दुर्गावती क्रिकेट क्लब को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका यह प्रतियोगिता बालिकाओं की प्रतिभा को आगे लाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

---

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से बदलेगी खेती की तस्वीर

# केवीके जशपुर में कृषि सखियों का प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुरनगर। किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर में मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विकासखंड फरसाबहार की कृषि सखी एवं पशु सखी शामिल हुईं।

केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने बताया कि यह योजना एक समग्र कृषि कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, सतत खेती को बढ़ावा देना और किसानों की आजीविका मजबूत करना है। योजना के तहत पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन जैसे संबद्ध क्षेत्रों को खेती से जोड़ा गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के नए अवसर सृजित हो सकें।

विशेषज्ञों ने बताया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना 2025 देश के उन 100 जिलों पर केंद्रित है, जहां उत्पादन कम है, किसानों को ऋण मिलने में कठिनाई होती है या आज भी पुरानी तकनीकों से खेती की जा रही है। योजना के माध्यम से किसानों को आसान ऋण, तकनीकी ज्ञान और बाजार से सीधा जुड़ाव मिलेगा।योजना का मुख्य फोकस फसल कटाई के बाद भंडारण, बेहतर सिंचाई व्यवस्था, प्राकृतिक व जैविक खेती को प्रोत्साहित करने पर है। इससे न केवल खेती की लागत घटेगी, बल्कि किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

### प्रक्षेत्र भ्रमण में मिली व्यवहारिक जानकारी

प्रशिक्षण के बाद कृषकों को केवीके प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्होंने मशरूम बीज उत्पादन इकाई, बीज उत्पादन प्रक्षेत्र, पशुपालन इकाई और मातृ वाटिका का अवलोकन कर आधुनिक तकनीकों की जानकारी ली।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबहार के स्टाफ सहित कुल 42 कृषक उपस्थित रहे। वैज्ञानिकों ने कहा कि यह योजना किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आई है, जो उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देगी।

---

### पेंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष बने घासीराम



**सरसीवा।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में निर्णय लेते हुए घासीराम अजय को जिला शाखा सारंगढ़ बिलाईगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। घासीराम अजय अपने सरल स्वभाव, अनुशासित जीवन, दीर्घ शासकीय सेवा अनुभव और पेंशनर हितों के प्रति निरंतर सक्रियता के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को संघ के भीतर एक सकारात्मक ऊर्जा, विश्वास और नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष आरके थवाईत ने कहा कि अजय जैसे अनुभवी, निष्ठावान और कर्मठ व्यक्तित्व को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपना संगठन के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अजय के नेतृत्व में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के पेंशनरों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होगा तथा संघ और अधिक संगठित, सक्रिय एवं प्रभावशाली रूप में उभरेगा।

---



# राशन दुकान की जांच करने पहुंचे एसडीएम, सुनी दलीलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

ग्राम मलुहा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी गई है। इसी क्रम में 16 दिसंबर को बिलाईगढ़ फूड इंस्पेक्टर जांच के लिए ग्राम मलुहा पहुंचे थे।

जांच के दौरान आवेदक, अनावेदक एवं उपस्थित ग्रामीणों के बीच विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके चलते शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए उस दिन की कार्रवाई स्थगित कर दी गई थी। इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर द्वारा उच्च अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया था।

इसके बाद 29 दिसंबर को बिलाईगढ़ एसडीएम स्वयं फूड इंस्पेक्टर के साथ ग्राम मलुहा पहुंचे, जहां उन्होंने मामले से जुड़े आवेदक, अनावेदक तथा पीड़ित ग्रामवासियों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान ग्रामीणों की शिकायतों एवं पक्षों की बातों को विस्तार से सुना गया। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि सभी पक्षों के बयान लिए जा चुके हैं। फूड इंस्पेक्टर का प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति अथवा समिति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

# 6 माह बाद गौ तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस ने ऑपरेशन अंकुश के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए गौ तस्करी के एक पुराने मामले में फरार चल रहे आरोपी को झारखंड के गुमला जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद फिरोज खान उम्र 30 वर्ष को जशपुर लाकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामला चौकी पंडरापाठ क्षेत्र का है, जहां जून 2025 में गौ वंशों से भरा पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त मिला था। पुलिस के अनुसार 18 जून 2025 को सूचना मिली थी कि ग्राम देवडांड के लमडांड जंगल के पास सड़क किनारे एक पिकअप वाहन क्रमांक जेएच-13जी-7780 पलटा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि वाहन में गौ वंशों को पैरों में रस्सी बांधकर अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था, जबकि चालक वाहन छोड़कर फरार हो चुका था।



पुलिस ने मौके से 9 नग गौ वंश बरामद किए। इनमें से एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि शेष 8 का पशु चिकित्सक से उपचार कराया गया। इलाज के दौरान 4 और गौ वंशों की मृत्यु हो गई। मृत सभी गौ वंशों का विधिवत दाह संस्कार कराया गया। तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी जप्त किया गया।

### वाहन नंबर से खुली आरोपी तक की कड़ी

विवेचना के दौरान पुलिस ने जप्त पिकअप के नंबर को ट्रेस किया। जांच में वाहन मालिक मोहम्मद फिरोज खान, निवासी आजाद बस्ती, थाना गुमला, जिला गुमला (झारखंड) की पहचान हुई। आरोपी घटना के बाद से फरार था। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसकी लोकेशन गुमला में मिलने पर विशेष टीम गठित कर झारखंड भेजी गई।

### गुमला में घेराबंदी कर दबोचा पुलिस टीम ने

गुमला पहुंचकर आरोपी के घर की घेराबंदी की और उसे हिरासत में लेकर जशपुर लाया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बतौली क्षेत्र से गौ वंश खरीदकर गुमला ले जा रहा था। तेज रफ्तार के कारण वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पुलिस को आता देख वह मौके से फरार हो गया था।आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा बीएनएस की धारा 325 के तहत मामला दर्ज है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

---

# राज्य सरकार ने 25 एनएचएम कर्मचारियों को किया बहाल, इसमें जिले के दो कर्मचारी भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- एनएचएम हड़ताल में बर्खास्त सभी कर्मचारियों की जिला स्तर पर सेवा बहाली

नये साल की पूर्व संध्या पर छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश में हड़ताल अवधि 18 अगस्त से 19 सितंबर के दौरान की गई प्रशासनिक कार्रवाई को शून्य करते हुए 25 बर्खास्त संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा बहाली का निर्णय लिया है। इस आदेश के अनुसार, संबंधित कर्मचारियों की जिला स्तर पर सेवा बहाली की जाएगी तथा उनकी कार्य पर उपस्थिति स्वीकार की जाएगी। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टर,



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला स्वास्थ्य समितियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।


गौरतलब है कि प्रदेश के लगभग 16,500 एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से 19 सितंबर तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। इस हड़ताल से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हुई थी, जिसके फलस्वरूप 25 कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर दिया गया था। सरकार के आश्वासन एवं वार्ता के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी थी तथा बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली का भरोसा दिया गया था। आज जारी इस आदेश से सरकार ने अपने वादे को पूरा करते हुए आंदोलन के दौरान की कार्रवाई को निरस्त कर दिया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से एनएचएम संविदा कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है तथा राहत की लहर दौड़ गई है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सरकार उनकी शेष महत्वपूर्ण मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय लेगी। आदेश जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की ओर से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव मिशन संचालक महोदय का हार्दिक आभार व्यक्त किया जाता है।

साथ ही प्रदेश के 16, 500 एनएचएम कर्मचारियों के अटूट सहयोग एवं एकजुटता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया जाता है। जिला स्तर पर अध्यक्ष सचिव ने अपने चहेते एवं विधायक सह वित्त मंत्री जिला कलेक्टर तथा जिला प्रशासन का भी विशेष आभार व्यक्त किया है। यह निर्णय न केवल बर्खास्त कर्मचारियों के लिए न्यायपूर्ण है] बल्कि पूरे एनएचएम परिवार के लिए नववर्ष का उपहार सरीखा है। संघ सरकार से अपील एवं आशा करता है कि स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने हेतु शेष मांगों पर शीघ्र विचार किया जाएगा।

---

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के निर्माण नियमों में विचार की मांग

**रायगढ़।** जैसे जैसे शहरीकरण अपने चरम पर पहुंच रहा है वैसे वैसे नए नए मार्केट भी डेवलप हो रहे हैं। परंतु समस्या पुराने शहरों की है जो घनी बस्ती के रूप में बसे हुए हैं। यहां पर जो दुकानें बनी हुई है उसके अलावा यदि कोई नया दुकान बनाना चाहता है तो उसे नियमानुसार अपने भूमि का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा छोड़ना पड़ता है। परंतु शहर की जमीन इतनी महंगी हो चुकी है कि अब कोई भी व्यक्ति इतनी महंगी जमीन को छोड़ना नहीं चाहता है।



इसलिए शहरों में नक्शे तो नियमानुसार बनते हैं परंतु निर्माण नियमों के विपरीत किए जाते हैं। और फिर दुकानदार यह राह देखते हैं की कब नियमितीकरण का द्वार खुलेगा और कब उसमें से पार हो पाएंगे।वैसे भी यह तो समझ में आता है की पार्किंग के लिए सामने का हिस्सा छोड़ना चाहिए परंतु यह समझ में नहीं आता कि अगल बगल और पीछे की जमीन क्यों छोड़नी चाहिए। जब एक लाइन से दुकान बन रही हैं तो उनके बीच और पीछे यदि जगह छोड़ी जाएगी तो यह चोरों और सेंधमारों के लिए मुनासिब स्थितियां तैयार करता है। ऐसे सैकड़ों प्रकरण देखे गए हैं जिसमें पीछे की ओर से सेंधमारी हुई है और दुकान का लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। अतः जो निर्माण व्यावसायिक प्रवृत्ति के हैं उन्हें पार्किंग के लिए सामने जगह छोड़नी चाहिए पर ऊपर वाली मंजिल का निर्माण उसे पूरे भूमि का ही मिलना चाहिए।

---

# कम्युनिटी को बेहतर बनाने के लिए एनटीपीसी लारा तत्पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा ने बालिका सशक्तिकरण अभियान प्रोग्राम शीत कालीन फॉलोअप वर्कशॉप 28 दिसंबर को खत्म किया। इस इवेंट में प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अनुराधा शर्मा के साथ समिति के दूसरे सीनियर मेंबर, पेरेंट्स और जीईएम पार्टिसिपेंट्स मौजूद थे। इस सेरेमनी में लड़कियों का टैलेंट और कॉन्फिडेंस दिखा, जिन्होंने कल्चरल थीम पर एक शानदार डांस किया, जिसके बाद रैंप वॉक किया गया।




पार्टिसिपेंट्स ने अपने अनुभव को साझा किया और वर्कशॉप ऑर्गनाइज़ करने के लिए एनटीपीसी लारा का शुक्रिया अदा किया, जिसने उनकी ज़िंदगी पर काफी असर डाला है। श्रीमती अनुराधा शर्मा ने स्टूडेंट्स को मोटिवेशनल विचारों से इंस्पायर किया, उन्हें अपने सपनों को पूरा करने और एक मज़बूत इंसान बनने के लिए हिम्मत दी। बच्चों ने वर्कशॉप के दौरान तैयार किए गए आर्ट और क्राफ्ट मटीरियल भी दिखाए, जिससे उनकी क्रिएटिविटी और स्किल्स का पता चला। इस इवेंट में एनटीपीसी लारा का जवान लड़कियों को मज़बूत बनाने और उनके पूरे डेवलपमेंट को बढ़ावा देने का कमिटमेंट दिखाया गया। ऑर्गनाइज़ेशन जीईएम जैसे इनिशिएटिव्स के ज़रिए कम्युनिटी को सपोर्ट करना जारी रखे हुए है, जिससे आने वाले कल के लिए एक बेहतर भविष्य बनता है।

---

# अध्यक्ष पूर्णिमा के खिलाफ भाजपा नेताओं का धरना

**राउरकेला।** राउरकेला जिला भाजपा कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ गया। जिला भाजपा अध्यक्ष पूर्णिमा केरकेटा के खिलाफ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोलते हुए सेक्टर 3 स्थित बी 34 भाजपा जिला कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।

यह धरना सोमवार, 30 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाए जिसमें पार्टी के फ्रंटलाइन नेताओं ने जोरदार नारेबाजी की और चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जिला कमेटी के गठन में भारी धांधली की गई है तथा पार्टी संविधान को ताक पर रखकर मनमानी ढंग से पदाधिकारियों का चयन किया गया। नेताओं का कहना था कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे तथा बीजद से आए लोगों को कमेटी



में स्थान दिया गया है, जबकि वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई है, जो किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि पार्टी नियमों के अनुसार कमेटी में 70 प्रतिशत पुराने और 30 प्रतिशत नए चेहरे शामिल होने चाहिए। प्रदर्शन के दौरान यह भी आरोप लगाए गए कि केंद्रीय मंत्री व सांसद जुएल ओराम तथा विधायक दुर्गा तांती की सलाह और सुझावों को पूरी तरह नजरअंदाज कर जिला अध्यक्ष ने अपनी मनपसंद टीम बनाई। नेताओं ने सवाल उठाया कि आखिर जिला अध्यक्ष को इस तरह की मनमानी करने की शह कौन दे रहा है।

---

रायपुर के मुक्तांगना और डोंगरगढ़ का दर्शन

# वैदिक के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

बैदिक विद्या मंदिर के छात्र छात्राएं व स्कूल परिवार शैक्षणिक भ्रमण के लिए दो दिवसीय रायपुर व मा बम्लेश्वरी की मंदिर नगरी डोगरगढ़ पहुंचकर शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रथम दिवस रायपुर के पुरखौती मुक्तागन का भ्रमण किया।

इसके बाद मैत्रीबाग पहुंचे जहा सभी छात्र-छात्राएं वहां की मनोहारी दृश्य से आनंदित हुए। उसके पश्चात दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक व प्रसिद्ध नगर डोगरगढ़ पहुंचे जहां माता बम्लेश्वरी की दर्शन कर आशीर्वाद लिए। वही मंदिर के चारो तरफ पर्यटन स्थल का भ्रमण किया और



शैक्षणिक जानकारी ली। वही बच्चों के साथ पहुंचे स्कूल के शिक्षक, संचालक भगवान दास, प्राचार्य यादव ने भी मां बम्लेश्वरी के अदभूत व रहस्यमय कहानी के बारे मे छात्र छात्राएं को विस्तार पूर्वक बताया। छात्र छात्राएं काफी आनन्दित हुए। संचालक भगवान दास ने बताया कि स्कूल के पढ़ाई के साथ साथ ही बच्चे को नैतिक शिक्षा भी जरूरी होता है। इसलिए हमारे स्कूल परिवार के तरफ से प्रतिवर्ष छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए दूर शहर ले जाते है।

---

# झेरिया यादव समाज की समीक्षा बैठक

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के बैनर तले जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के यादव भवन में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक प्रदेशाध्यक्ष जगनिक यादव के मार्गदर्शन में रखा गया था। इसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव रहे।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फ़रू यादव, तहसील अध्यक्ष सोनु चंद यादव, जिला उपाध्यक्ष साध राम यादव, जिला उपाध्यक्ष धन साय यादव, जिला महामंत्री बृहस्पति यादव, जिला सचिव श्रवण यादव, जिला कोषाध्यक्ष एवं जैतपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, नगर अध्यक्ष नीलाधार यादव, नगर सचिव विकास यादव, कोसीर परिक्षेत्र अध्यक्ष दुर्गेश यादव



नवरंगपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष रवि यादव, रोशन यादव, कनकबीरा क्षेत्र अध्यक्ष शंकर यादव, गोडम परिक्षेत्र अध्यक्ष उदल यादव, जिला महामंत्री समारोह यादव विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के पूर्व भगवान कृष्ण पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। आए हुए अतिथियों का साल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके बाद सारंगढ़ नगर के समस्त पदाधिकारी का फूल माला से बारी बारी स्वागत किया गया।

---

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जनवरी 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर